भारतीय रेड क्रास सोसायटी

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज इकाई, गोण्डा

प्राथमिक चिकित्सा पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

दिनांकः 19 अगस्त, 2023

डॉ0 राजीव कुमार अग्रवाल
प्रभारी, रेड क्रास इकाई

कॉलेज की रेड क्रास इकाई ने जनपद गोण्डा रेड क्रास इकाई के सौजन्य से प्राथमिक चिकित्सा पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। इस अवसर पर डॉ0 ए0पी0 सिंह– मुख्य चिकित्साधिकारी, श्रावस्ती ने रेड क्रास स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा व सी0पी0आर0 की ट्रेनिंग दी। उन्होंने यह बताया कि यदि समय रहते मरीज को सही उपचार दे दिया जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि प्राथमिक 3 मिनट अत्यन्त महत्वपूर्ण होते हैं। इसी में मरीज की जॉच करके यदि सी0पी0आर0 की आवश्यकता हो तो इसे तुरन्त प्रारम्भ कर देना चाहिये तथा एम्बुलेन्स को बुला कर निकट के अस्पताल में मरीज के परिवहन का प्रयास करना चाहिये।

डॉ0 ए0पी0 सिंह ने दस हजार लाइफ सेवर तैयार करने की योजना भी बताई। उनका लक्ष्य एक साल में दस हजार लाइफ सेवर तैयार करना है। जिसका प्रारम्भ उन्होंने कॉलेज इकाई से किया।

जनपदीय इकाई की ओर से कॉलेज के स्वयंसेवकों को टी0शर्ट उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर वर्षा सिंह– कॉलेज प्रबन्ध की उपाध्यक्ष, सैय्यद हाकिम अली– संरक्षक, भारतीय रेड क्रास सोसायटी गोण्डा, तथा सदस्यगण– राम प्रकाश गुप्त, डॉ0 ओंकार पाठक, एस0एन0 सिंह, प्रवीण सिंह, हेमंत पाठक, पंकज कुमार सिन्हा, आई0बी0 श्रीवास्तव, डॉ0 रंजीत सिंह राठौर सहित कॉलेज के आचार्यगण सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे।

कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

PRINCIPAL
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE
GONDA (UP)

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA

Rashtriya Sahara, Gonda Edition, Page 3 Date: 21st August 2023

समय रहते सही उपचार मिलने से मरीज की बचेगी जान : डा. सिंह

10 हजार लाइफ सेवर तैयार करने में जुटा रेडक्रॉस

गोण्डा (एसएनबी)। अगर समय रहते ही मरीज को सही उपचार दे दिया जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है। उक्त जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रावस्ती डा एपी सिंह ने एक कार्यक्रम के दौरान कही। समारोह की अध्यक्षता करते हुए लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सीएमओ श्रावस्ती डा० एपी सिंह की सराहना की। इस मौके पर सीएमओ श्रावस्ती ने 10000 लाइफ सेवर तैयार करने की योजना बीएलएस /10000 के तहत श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के रेडक्रास के वॉलिंटियर्स को फर्स्ट एड, बीएलएस तथा सीपीआर की ट्रेनिंग दी। समारोह को इंडियन रेडक्रास सोसायटी गोंडा के संरक्षक सैय्यद हाकिम अली, वरिष्ठ आजीवन सदस्य राम प्रकाश गुप्ता एवम डॉ० ओंकार पाठक ने भी संबोधित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० रविंद्र कुमार पांडेय ने सभी का धन्यवाद यापन किया। इसके साथ ही उन्होंने इस तरह के प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश भी डाला। एलबीएस कॉलेज रेडक्रॉस संगठन के प्रभारी डॉ० राजीव कुमार अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करने के साथ ही कार्यक्रम का संचालन भी किया। इस अवसर पर एसएन सिंह, प्रवीण सिंह, हेमंत पाठक, पंकज कुमार सिन्हा, आईबी श्रीवास्तव, डॉ० रंजीत सिंह राठौर, डॉ० रेखा शर्मा, डॉ० रामिंत पटेल, डॉ० शैलजा सिंह, शरद पाठक बबलू आदि मौजूद थे। इस मौके पर रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स को रेडक्रास मुद्रित टीशर्ट का वितरण सीएमओ श्रावस्ती द्वारा किया गया।

PRINCIPAL
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE
GONDA (UP)